


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 161 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 23 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया



## पुलिस ने चलाया वारंटी पकड़ो अभियान

### राजस्थान पुलिस के वांछित 11 आरोपियों को पकड़ा

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को वारंटियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिले के अलग-अलग थाना पुलिस द्वारा राजस्थान पुलिस के वांछित वारंटियों की धरपकड़ की गई। जिसमें 11 आरोपियो को पकड़कर राजस्थान पुलिस को सौंपा गया।

जानकारी के मुताबिक थाना नारायणगढ द्वारा चित्तौडगढ़ पुलिस के फरार वारण्टी पप्पु पिता हजारी बाछडा निवासी डोडिया मीणा, थाना गंगरार के फरार वारंटी करण पिता गोरु बंजारा निवासी गोपालपुरा तथा पप्पु उर्फ पुखराज पिता केशरमल बावरी निवासी किशनगढ थाना नारायणगढ को डिटेन कर संबंधित थाना पुलिस को सौंपा गया। थाना सीतामऊ द्वारा गोपाल दास पिता कमल दास बैरागी उम्र 34 वर्ष निवासी रावटी थाना सीतामऊ, सदर थाना कोतवाली निंबाहेड़ा राजस्थान एवं पानरवा उदयपुर राज. के अपराधिक घटनाओं वारंटी था, जिसे तामिल करवाया गया और निंबाहेड़ा पुलिस को सुपुर्द किया गया। थाना शहर कोतवाली द्वारा राजस्थान के झालावाड के थाना मिश्रोली के गोवंश अधिनियम के अपराध में गिरफ्तारी वारंटी आजाद पिता रफीक खान मेवाती उम्र 28 वर्ष मांगलिक भवन के पास मदारपुरा को गिरफ्तार कर झालावाड़ पुलिस को सुपुर्द किया गया।

थाना शामगढ चौकी चंदवासा द्वारा नंदा उर्फ नंदलाल पिता शिवलाल धाकड निवासी खेरखेड़ी चौकी चंदवासा थाना शामगढ़ जो की जिला चित्तौड़ थाना निंबाहेड़ा से फरार था, जिसको गिरफ्तार कर निंबाहेड़ा पुलिस को सूचित किया गया। उक्त आरोपी हरियाणा के थाने से भी फरार है। थाना नाहरगढ द्वारा थाना निंबाहेड़ा जिला चित्तौड़ के स्थाई वारंटी कालू सिंह पिता मनोहर सिंह राजपूत निवासी पिपलिया कराडिया को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा सुवासरा, दलौदा, पिपलिया मंडी पुलिस ने भी कार्रवाई कर कुल 11 लोगो को पकड़ा है।

# बूढ़ा हुआ पंजीयन विभाग का साफ्टवेयर

## रजिस्ट्रियों की संख्या बढ़ी, सर्वर की कमर झुकी

### रजिस्ट्री कराने के लिए करना पड़ रहा डेढ़ से दो घंटे का इंतजार




**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मार्च माह के अंतिम दिन चल रहे है। ऐसे समय में भी पंजीयन ऑफिस में दिन भर लोग परेशान हो रहे है। सर्वर डाउन रहने से लगातार लोगों को रजिस्ट्री कराने में परेशानी हो रही है। करीब 15 मिनट में होने वाले काम में भी डेढ़ से दो घंटे तक का समय लग लग रहा हैं। दरअसल एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक का नई गाइडलाइन में उपयोग करने वाला रजिस्ट्रार विभाग पिछले नौ साल से संपदा साफ्टवेयर को अपडेट नहीं कर पा रहा है। प्रदेश में 2015 से ई रजिस्ट्री शुरू हुई। तब से विभाग इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से लोगों की भूमि, भवन आदि संपत्तियों की रजिस्ट्री कर रहा है। इस साल 2023-24 से संपदा सॉफ्टवेयर 0.2 लागू किया जाना था। लेकिन, यह भी अब तक लागू नहीं हो पाया।

जिले में 1 अप्रैल से नई गाइडलाइन लागू होनी है। इसके पहले रजिस्ट्रार विभाग में रजिस्ट्री कराने वालों की संख्या बढ़ गई है। पहले 30-40 रजिस्ट्रियां रोज हो रही थी। अब संख्या 50 से उपर पहुंच गई है। पंजीयन की संख्या बढने से बार-बार सर्वर डाउन हो रहा है और लोगों को रजिस्ट्री के लिए एक से डेढ घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। यह समस्या पिछले दो दिन से और बढ़ गई है। ये स्थिति तब है जब विभाग ने नई गाइडलाइन एआई तकनीक से तैयार की है। लेकिन, जिस सॉफ्टवेयर से विभाग में रजिस्ट्रियां हो रही है यह 9 साल पुराना है। इसके चलते लोड बढने पर बार-बार सर्वर डाउन हो जाता है। इससे पंजीयन कराने आने वाले लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

#### सर्वर होना चाहिए अपडेट...

प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े लोगों के साथ आम लोगों को भी खासी दिक्कतों का सामना वर्तमान में करना पड़रहा है। इनका कहना है कि दो दिन से सर्वर की दिक्कत बढ़ गई है। कभी पोटो नहीं खींचा पा रहे हैं तो कभी साइन करने में दिक्कत आ रही है। जो काम मिनटों में होना चाहिए, उसके लिए एक घंटा लग रहा है। विभाग को मालूम है कि मार्च में रजिस्ट्री का लोड बढ़ेगा तो साफ्टवेयर को अपडेट करना चाहिए। संपदा 0.2 साफ्टवेयर अब तक लागू नहीं हो पाया है। इससे पुराने साफ्टवेयर से ही रजिस्ट्री हो रही है।

#### गर्मी में परेशान हो रहे लोग...

रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोगों को गर्मी में परेशान होना पड़ रहा है। इतना बड़ा विभाग है। लेकिन गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। सर्वर भी नहीं चल रहा है। लंबा समय लोगों को यहां खड़े रहकर इंतजार करना पड़ रहा है। रजिस्ट्री कराने आए देवेंद्र गुर्जर ने बताया कि शाम 4 बजे का स्लॉट बुक था। एक घंटे बाद भी फोटो नहीं खींच पाए। गर्मी ने परेशानी बढ़ा दी है।

## सोने के भाव पहुंचे 66550, अब तक की सबसे ज्यादा कीमत

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अमेरिका द्वारा ब्याज दर कम करने की आशंका के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के भाव में लगातार तेजी है। इसमें भी चांदी की अपेक्षा सोने के भाव में ज्यादा उछाल देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि मार्च में 13 दिन ही पहले 65 हजार प्रति दस ग्राम पहुंचा। फिर 66 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड आंकड़े को पार करते हुए 21 मार्च को भाव बुलंदियों पर पहुंचते हुए 66 हजार 550 रुपए प्रति 10 ग्राम से दर्ज हुए। शुक्रवार मतलब 22 मार्च को भाव स्थिर रहे। यदि सोने की केवल मार्च की बात करें तो 20 दिनों में ही 3250 रुपए तो चांदी ने 3 हजार रुपए का रिटर्न दिया है। इस दौरान सोने के भाव रोज औसत 154.77 रुपए प्रति 10 ग्राम तो चांदी के 142.86 रुपए प्रतिकिलो बढ़े हैं। सराफा व्यापारियों के अनुसार भाव में तेजी जारी रहेगी। भाव 68 हजार तक पहुंच सकते है। सराफा बाजार के एक्सपर्ट की माने तो अमेरिका ब्याज दर में कटौती के भी संकेत दे चुका है, लेकिन तारीख तय नहीं की हैं। ऐसे में इस माह अचानक भाव तेजी से बढ़ रहे हैं। मार्च में केवल एक दिन ही भाव कुछ कम हुए थे, उसके बाद लगातार बढ़ रहे हैं। संभावना है कि अमेरिका मई-जून तक ब्याज दर कम कर सकता है। इससे सोने के भाव रिकॉर्ड 68 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम से ऊ पर जाने की संभावना है।



## पांच हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेगी मोहन सरकार

**भोपाल, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में मध्य प्रदेश सरकार पांच हजार करोड़ रुपये का नया कर्ज लेगी। राज्य सरकार रिजर्व बैंक के मुंबई कार्यालय के माध्यम से 26 मार्च को तीन हिस्सों में कुल पांच हजार करोड़ रुपयों का कर्ज बाजार से लेगी। पहला कर्ज 20 साल के लिए दो हजार करोड़ रुपये का होगा। इसी तरह दो हजार करोड़ का दूसरा कर्ज 21 साल के लिए और एक हजार करोड़ रुपये का तीसरा कर्ज लिया जाएगा जो 22 साल में चुकाया जाएगा। तीनों ही कर्ज पर साल में दो बार ब्याज का भुगतान किया जाएगा।

#### अब तक लिया इतना कर्ज...

राज्य सरकार तीन माह में 15 हजार 500 हजार करोड़ रुपये कर्ज ले चुकी है। वर्तमान वित्त वर्ष में मध्य प्रदेश सरकार अब तक कुल 37 हजार 500 करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है। अब पांच हजार करोड़ रुपये का नया कर्ज मिलाकर कुल कर्ज 42 हजार 500 करोड़ रुपये हो जाएगा। वहीं वर्ष 2024 में 23 जनवरी को ढाई हजार करोड़ रुपये, छह फरवरी को तीन हजार करोड़ रुपये और बीस फरवरी को पांच हजार करोड़ रुपये और 27 फरवरी को पांच हजार करोड़ रुपये का कर्ज लिया जा चुका है।



#### मप्र पर 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर्ज...

प्रदेश के ऊपर मार्च 2023 की स्थिति में 3 लाख 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण है। वहीं अब तक के कुल कर्ज को मिलाकर मध्य प्रदेश सरकार पर कर्ज का कुल भार 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। बता दें कि विधानसभा चुनाव से पहले भी सरकार ने लगातार कर्ज लिया था।

## अतिक्रमण पर चली सरकारी जेसीबी

**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने शुक्रवार को शहर के प्रमुख लायंस पार्क चौराहा स्थित रतन स्वीटस दुकान पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। दरअसल, दुकान संचालक द्वारा दुकान के बाहर करीब 5 से 6 फीट तक अवैध अतिक्रमण किया हुआ था। इस बारे में नगर पालिका ने करीब 4 दिन पहले दुकान संचालक को नोटिस देकर अतिक्रमण तोडने के लिए कहा गया था। बावजूद इसके अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिस पर नगर पालिका की टीम ने सुबह पहुंचकर जेसीबी चलाकर अवैध अतिक्रमण को तोड़ दिया।

दुकान संचालक द्वारा नाले पर पक्का निर्माण अवैध अतिक्रमण कर रखा था। वही जैसे ही सुबह नगर पालिका का अतिक्रमण हटाओ दस्ता जेसीबी लेकर पहुंचा तो दुकान संचालक मौके पर पहुंच गए। नगर पालिका अधिकारियों से उनकी काफी बहस बाजी होती रही। हालांकि, नगर पालिका की टीम के सामने दुकान संचालक की एक न चली और अतिक्रमण को जमीदोंज कर दिया गया।

## अंत्रालिया में दो पक्षों के बीच चले लट्ठ और कुल्हाड़ियां

### एक दर्जन घायल, एक की मौत

**भानपुरा, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम अंत्रालिया में दो पक्षों के बीच रास्ते की बात को लेकर हुए विवाद में जमकर लाठिया और कुल्हाड़ी चली। जिसमें करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। इन में से 19 को मंदसौर के बड़े अस्पताल लाया गया। यहां एक बुजुर्ग को चिकित्सकों ने मृत घोषित किया।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अंत्रालिया में रास्ते की बात को लेकर खेत पर दो पक्षों में कहासुनी हुई। इसके बाद लाठियां और कुलहाड़िया चलना शुरु हो गई। जिससे करीब एक दर्जन लोग लहुलुहान हो गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां से नौ लोगो को बड़े अस्पताल रेफर किया गया। यहां लालचंद पिता भंवरलाल विश्वकर्मा उम्र 70 साल की मौत हो गई। इसके अलावा देवीलाल पिता कंवरलाल, राकेश पिता बद्रीलाल, श्यामुबाई पति कस्तुरचंद, विष्णु पिता लालचंद, बद्रीलाल पिता भंवरलाल, अनिल पिता कस्तुरचंद, कस्तुरचंद पिता भंवरलाल सुथार, किशोर पिता घनश्याम, रामननिवास पिता राजमल निवासी अंत्रालिया घायल हो गए। जिनका उपचार बड़े अस्पताल में चल रहा है। बताया गया है की सुथार परिवार ने पुलिस को पहले ही आवेदन कर दिया था। लेकिन, पुलिस ने समय पर कार्यवाही नही की। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद थे।

#### पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण....

जानकारी के अनुसार अत्रांलिया के समीप ढाबला मनोहर के पास दोनों पक्षों विश्वकर्मा परिवार व भट्टपरिवार की जमीन है ओर रास्ते का लम्बे समय से विवाद चल रहा था। जिसका परिणाम आज खुनी संघर्ष में बदल गया। इस मामले में पुलिस ने राजाराम पिता भवानी शंकर विश्वकर्मा कि रिपोर्ट पर दुसरे पक्ष के देवीलाल भट्ट, विष्णु भट्ट लालचन्द्र भट्टव अन्य पर धारा 294, 323, 506, 34 में प्रकरण दर्ज किया तो दुसरे पक्ष के कचरुलाल भट्टकी रिपोर्ट पर बद्रीलाल विश्वकर्मा, सुनील, विष्णु सहित अन्य पर धारा 506, 323, 294, 34 मे प्रकरण दर्ज किया। वृद्ध की मौत पर अब धारा 302 की बढोतरी की जाएगी।



**आचार संहिता का असर** – आचार संहिता के चलते जिले के सभी थानों पर चिन्हित गुंडे बदमाशो से बांड भरवाए जा रहे है। जिससे की अगले 3 या 6 महीने तक किसी तरह का विवाद या झगड़ा फसाद नहीं करें। इधर जिले में जिन लोगो के पास शस्त्र लायसेंस है, उन सभी के हथियार भी संबंधित थानो में जमा होने लगे है।

## तीन दिन से लापता मंडी व्यापारी का शव काला भाटा बांध में मिला

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पिछले तीन दिनों से लापता एक मंडी व्यापारी का शव शुक्रवार को काला भाटा बांध में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द किया। मंडी व्यापारी की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। वैसे चर्चा के अनुसार मंडी व्यापारी भारी ब्याज खोरो के चंगुल में फंस गया था। मिली जानकारी के अनुसार करीब तीन दिन पहले मंडी व्यापारी अजय गहलोत बिना बताए अपने घर से लापता हो गया था। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। गुमशुदगी का यह मामला सोशल मीडिया पर भी छाया रहा। लेकिन, कहीं भी अजय का पता नहीं लगा। शुक्रवार को शहर पुलिस को खबर मिली कि कालाभाटा बांध के निकट शिवना नदी में एक शव दिख रहा है। गोताखोरो की मदद से शव को निकाला गया तो मृतक की शिनाख्त अजय गहलोत के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीतामऊ, गांधीसागर पुलिस ने कसा तस्करी पर शिकंजा

## चार आरोपियों को हिरासत में लेकर बरामद किया मादक पदार्थ

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** चुनाव की घोषणा के बाद भी खाकी की नजर तस्करी पर बनी हुई है। पुलिस ने सीतामऊ और गांधीसागर थाना क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए चार आरोपियो को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ जप्त किया है।

**सीतामऊ** पुलिस के मुताबिक मुखबीर सूचना मिली थी कि तीन लोग (एक पुरुष, दो महिला) डोडाचूरा और अफीम लेकर कहीं जाने वाले हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर सीतामऊ- लदुना रोड, दम्माखेड़ी अरगड़ा बस्ती फंटा के निकट मुन्नी बाई पति मांगू सिंह साहा सिक्ख उम्र 65 साल निवासी सिंधी बड़ी जिला रायसेन, गिन्दोंबाई पति सुरेश साहा सिक्ख उम्र 60 साल निवासी बाड़ी जिला रायसेन और बबलू पिता रामबाबू मालवी उम्र 29 साल निवासी देवपुरा थाना कालपी जिला जालौन उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। आरोपियो के कब्जे से 40 हजार रुपए कीमत का 20 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा और 40 हजार रुपए कीमत की 250 ग्राम अफीम जप्त की गई। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15/18 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**गांधी सागर** थाना पुलिस को हरियाणा निवासी एक आरोपी के कब्जे से 32 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद करने में सफलता मिली है। गांधी सागर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक आरोपी अवैध रूप से बेग में डोडाचूरा भरकर हरियाणा की ओर जाने वाला है, तुरंत घेराबंदी की जाए तो आरोपी और मादक पदार्थ पकडने में सफलता मिल सकती है। मुखबीर सूचना पर पुलिस ने गांधी सागर-रावतभाटा रोड हवाई पट्टी के पास घेराबंदी कर रिंकू पिता गुरमीत सिंह उम्र 31 साल निवासी रनिया जिला सिरसा हरियाणा को हिरासत में लेकर उसके कब्जे वाले बैग की तलाशी ली। बैग में 32 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा मिला। जिसे जप्त कर लिया गया। जप्त डोडाचूरा की कीमत 64 हजार रुपए बताई जा रही है।

बरसता है जब कभी बादल तो समंदर इठलाता है,
दोस्त की बुलंदी देखकर, एक दोस्त मुस्कुराता है।




भगवान पशुपतिनाथ की पवित्र नगरी मंदसौर के लिए अभूतपूर्व गौरव के पल
मातुश्री एवं पिताश्री प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ कमला-आर.डी. जैन की प्रेरणा से
चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते हुए
मुख्यमंत्री डॉ मोहनजी यादव के हाथों
प्राइड ऑफ मध्यप्रदेश अवार्ड से सम्मानित होने पर हमारे प्रिय मित्र
डॉ नीतिन जैन अस्थि रोग विशेषज्ञ को
हार्दिक शुभकामनाएं
*************** शुभेच्छु ***************
डॉ जितेंद्र कुम्पावत
माँ गायत्री हॉस्पिटल
रतलाम मप्र
मुकेश जैन
दिलीप ऑटो एजेन्सी
अधिकृत विक्रेता यामाहा बाईक, सोलिस ट्रेक्टर
सीतामऊ फाटक मंदसौर

## आज पिपलियामंडी में भजन संध्या का आयोजन

**पिपलियामंडी, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आज दिनांक 23 मार्च शनिवार को सायं 7 बजे से पिपलिया मंडी में भव्य भजन संध्या का आयोजन शासकीय स्कूल ग्राउंड पर किया जा रहा है। जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध गायक कलाकार जगदीश वैष्णव और भगवत सुथार सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे।।

उक्त आयोजन की जानकारी देते हुए मंडल के सदस्यों ने बताया है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 22 मार्च को संध्या को एक विशाल वाहन रैली पिपलियामंडी के प्रमुख मार्गों र्से निकाली गई। तथा आज शनिवार को भजन संध्या में श्री सांवरिया सेठ जी का भव्य दरबार सजेगा। साउंड सेवा हिंगलाज साउंड उदयपुर द्वारा दी जायेगी। साथ ही गुजरात से फुल उड़ाने वाली मशीन व ड्रोन द्वारा पुष्पवर्षा आकर्षण का केन्द्र रहेगी। कार्यक्रम का एलईडीस्क्रीन से लाइव प्रसारण भी होगा तथा यूट्यूब भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

मंडफिया मित्र मंडल (पैदल यात्रा संघ) ने नगर और क्षेत्र के समस्त धर्म प्रेमियों से भजन संध्या में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म का लाभ लेने की अपील की है।



## पीजी कालेज में मनाया विश्व जल दिवस

### स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत हुआ व्याख्यान का आयोजन

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि दिनांक 22 मार्च 2024 को विश्व जल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजनान्तर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. बी.आर. नलवाया थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में वनस्पति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेरणा मित्रा ने आगंतुक अतिथियों का सम्मान किया एवं कार्यक्रम के आयोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. नलवाया ने कहा कि जल संरक्षण की आवश्यकता आज हर स्तर पर महसूस की जा रही है। जल संरक्षण के प्रयास सामूहिक रूप से किए जाएं तभी सफल हो पाएंगे। आपने विद्यार्थियों को कई उदाहरण के साथ समझाया कि हम अपने दैनिक जीवन में किस तरह जल का समझदारी से उपयोग कर सकते हैं। आपने देश तथा विश्व स्तर के कई आंकडों को विद्यार्थियों के सामने रखा। इस अवसर पर डॉ. प्रेरणा मित्रा ने बताया कि जल का संरक्षण न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि अन्य जीव जंतुओं के लिए भी आवश्यक है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए आपने कहा कि जल जैसे अनिवार्य तत्व के लिए संवेदनशीलता विद्यार्थियों में होनी ही चाहिए, तभी इसका समाज के हर स्तर पर सकारात्मक प्रभाव दिखाई देगा। इस अवसर पर आमंत्रित महाविद्यालय के एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. अनिल कुमार आर्य ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि महाविद्यालय में जल संरक्षण को लेकर विभिन्न प्रयास एवं नवाचार किया जा रहे हैं। आपने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि समस्त विद्यार्थी महाविद्यालय में जल संरक्षण के प्रयासों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम में एनएसएस इकाई की स्वयंसेविका एवं वनस्पति विज्ञान की बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा युक्ता बोराना के राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर, फतेहाबाद हरियाणा में महाविद्यालय एवं मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर लौटने पर उन्हें सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में डॉ. दिनेश तिवारी, डॉ. संतोष कुमार शर्मा, प्रो. सुधाकर राव, प्रो. सुनील कुमार शर्मा, प्रो. उजमा चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## डा. नीतिन जैन मुख्यमंत्री के हाथों भोपाल में सम्मानीत

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के ख्यातनाम ऑर्थोपेडिक सर्जन व जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ और अब तक अनेक मरीजों के घूटने और कुल्हें का सफल प्रत्यारोपण कर उनके जीवन को खुशहाल बनाने वाले डॉ नीतिन जैन को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्राइड ऑफ एमपी-2024 अवॉर्ड से सम्मानित हुआ। यह समारोह भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे मिंटो हॉल में आयोजित हुआ। डॉ जैन की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गणमान्यजनों एवं ईष्ट मित्रों ने बधाई देते हुए कहा कि इस सम्मान से भगवान पशुपतिनाथ की पवित्र नगरी मंदसौर पूरे प्रदेश और देश में गौरवान्वित हुई है।



उल्लेखनिय है कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनिय कार्य करने वाली 72 शख्सियतों का भोपाल में आयोजित समारोंह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सम्मान किया, इसमें मंदसौर के ऑर्थोपेडिक सर्जन व जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. नितिन जैन भी सम्मिलित है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आर.डी. जैन और डॉ श्रीमती कमला जैन के पुत्र डॉ नीतिन जैन साल 1999 से निरन्तर मंदसौर के आरके हॉस्पिटल मंदसौर के मुख्य आर्थोपेडिक सर्जन हैं उन्होंने जर्मनी और इटली से उच्च शिक्षित होकर मंदसौर में 5000 से अधिक घूटने और कुल्हे के प्रत्यारोपण किए है। उनकी ख्याती न केवल मंदसौर बल्कि आसपास के पूरे क्षेत्र में है। अस्थि रोग से परेशान कई मरीजों का भरोसा डॉ जैन है। डॉ नीतिन जैन की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मंदसौर के गणमान्यजनों एवं ईष्टमित्रों में हर्ष व्याप्त है। लायंस क्लब के अध्यक्ष डा मजहर हुसैन, प्रसिद्ध व्यवसाई मुकेश आचार्य, मुकेश जैन, हरिसिंह शक्तावत, डा जितेंद्र कुंपावत, मनोज मेहता, सुनील पालीवाल, यशवंत धनोरा, सहित बडी संख्या में स्नेहीजनों और मित्रों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बनाई आकर्षक रंगोली



**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संचालित मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्य्रकम आयोजित किया गया। इस संबंध में कलेक्ट्रोरेट में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम सुश्री लक्ष्मी गामड़ ने मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई इस आकर्षक रंगोली का अवलोकन किया और उपस्थितजनों को मतदाता जागरूकता के तहत मतदान करने की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टो रेट नीमच के मुख्य हाल में आकर्षक रंगोगी के माध्यम से भारत के नक्शेब की आकृति बनाई और मतदाता जागरूकता के संदेश भी रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किए। कलेक्टबर एवं अन्यग अधिकारियों ने इस आकर्षक रंगोली का अवलोकन कर, सराहना की। इस मौके पर सभी एसडीएम ,महिला बाल विकास अधिकारी श्री ताराचन्द मेहरा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## आज भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु के बलिदान दिवस पर दशपुर जागृति संगठन करेगा श्रद्धासुमन अर्पित

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महान क्रांतिकारियों के लिए समर्पित देश का प्रथम संगठन दशपुर जागृति संगठन आज 23 मार्च को क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को संध्या 7 बजे जिस समय फांसी दी गई थी उसी समय रोम टावर स्थित संगठन कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए भारतीय सेना के 10 सैनिकों का सम्मान करेगा। साथ ही देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। इस कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी संगठन के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पुराणिक अपनी पेंशन से इस कार्यक्रम को आयोजित कर रहे हैं।

इस दौरान संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, उपाध्यक्ष बीएस सिसोदिया, सचिव आशीष बंसल, संरक्षक रविंद्र पांडे, राजाराम तंवर, कोषाध्यक्ष आरसी पांडे, अरुण गौड़, हरीनारायण टेलर, सीमा चौरडिया, डॉ. उर्मिला तोमर, संगठन के संरक्षक पूर्व टीआई एमपी सिंह परिहार, राजाराम तोमर, अजीजुल्लाह खान खालिद, रविंद्र पांडे, परामर्शदाता आशीष बंसल, अर्चना सुभाष गुप्ता, बलराम, देश भक्ति गायक लोकेंद्र पांडे, नरेंद्र त्रिवेदी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में तीनों महान क्रांतिकारियों को मशाल प्रज्वलन के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे व देश भक्ति की शपथ ली जाएगी। साथ ही भारत सरकार से देश के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को भारत रत्न देने की मांग की जाएगी। मात्र 23 वर्ष की उम्र में देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के द्वारा फांसी चढ़ाए जाने का यह 23 मार्च का दिन पूरे देश के लिए याद रखने का दिन है। यह देश का दुर्भाग्य की आज क्रांतिकारियों को याद करने का समय किसी व्यक्ति के पास नहीं है। संगठन लगातार महान क्रांतिकारियों की स्मृतियों




को स्थाई रखने के लिए कार्य कर रहा है। संगठन ने सभी साथियों से निवेदन किया है कि कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम को भव्य बनाएं। उक्त जानकारी संगठन के संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम द्वारा दी गई।

## जनकूपुरा बड़ा रामद्वारा पर धुलेण्डी पर संत श्री ललितरामजी के प्रवचन

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जनकूपुरा अमर झमर बाग स्थित बड़ा रामद्वारा पर श्रीराम स्नेही सम्प्रदाय के फूलडोल महोत्सव के अंतर्गत 25 मार्च 2024 को धुलेण्डी के अवसर पर जहाजपुर से पधार रहे श्रीराम स्नेही संत श्री ललितरामजी महाराज एवं उनके शिष्य श्री ईश्वररामजी महाराज के प्रवचन होंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ श्रीराम स्नेही भक्त श्री सूरजमल अग्रवाल (गर्ग) चाचाजी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धुलेण्डी के अवसर पर 25 मार्च 2024 सोमवार को प्रात: 8 बजे से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ तथा 9 बजे से 10 बजे तक शाहपुरा से पधार रहे रामस्नेही सन्त श्री ललितरामजी महाराज एवं उनके शिष्य श्री ईश्वररामजी महाराज के प्रवचन होगा। अत: समस्त रामस्नेही भक्त, श्रद्धालुजन एवं मातृशक्ति आयोजन में समय पर उपस्थित होंगे।



श्री निर्भय भवन रामटेकरी के अधिष्ठाता एवं अंतर्राष्ट्रीय संत स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के मार्गदर्शन में उक्त आयोजन वर्षों र्से होता रहा है, लेकिन परम पूज्य बापू श्री रामनिवासजी महाराज उम्र व स्वास्थ्य की दृष्टि से उपस्थित नहीं हो सकेंगे। श्री सूरजमल गर्ग चचाजी, हरीश गर्ग, संदीप गर्ग, रामेश्वर गर्ग, भगवानदास विजयवर्गीय, जगदीश चौधरी, दाऊभाई विजयवर्गीय, हरीश विजयवर्गीय, पं. अशोक त्रिपाठी, सुभाष अग्रवाल ने विजयवर्गीय समाज, माहेश्वरी समाज, पालीवाल समाज, सोनी परिवार, जाट परिवार, राठौर परिवार, अग्रवाल समाज सहित समस्त माता बहनों व श्रद्धालुजनों से धुलेण्डी पर्व पर बड़ा रामद्वारा जनकूपुरा पहुंचकर संत का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रवचन का लाभ लेने का आग्रह किया है।

## पीएचक्यू डीआइजी डी आर तेनीवार को पितृशोक

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस अधीक्षक और वर्तमान डीआईजी पीएचक्यू डी.आर. तेनीवार के पिता व तेनीवार परिवार के वरिष्ठसदस्य श्री भेरूलाल तेनीवार गांव लदुसा जिला मंदसौर का 12 मार्च 2024 मंगलवार को 86 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। स्व. श्री तेनीवार पीछे अपनी पत्नि गीताबाई व पांच पुत्र डीआइजी पीएचक्यू डी.आर. तेनीवार (डालूराम तेनीवार), ए.एस.आई. सीताराम तेनीवार, पूर्व ओथ कमिश्नर गणपत तेनीवार एडवोकेट, नानालाल तेनीवार एडवोकेट सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनका श्रद्धांजलि कार्यक्रम कल दिनांक 24.3.2024 पैतृक ग्राम लदुसा तह व जिला मन्दसौर में रखा गया।

## पीजी कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत परिचर्चा और शपथ का आयोजन हुआ



**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ एल एन शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग और स्वीप समिति द्वारा विद्यार्थियों को मतदान अनिवार्यता की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सरिता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी एक मजबूत और सशक्त भारत के निर्माण के लिए आने वाले आम चुनावों में बढ़ चढ़ कर भाग लें और सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित भी करे।

साथ ही स्वीप प्रभारी डॉ अनिल कुमार आर्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में मतदान जागरूकता के लिए समय समय पर रैली,भाषण,वाद विवाद और विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है आप सभी उपरोक्त क्रायक्रमो में भाग लेवे और अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। परिचर्चा में विद्यार्थियों द्वारा भी अपने विचार रखे गए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सोहन यादव ने किया और आभार डॉ संतोष सिंह मालवीय ने माना। इस अवसर पर डॉ जे एल आर्य,डॉ के आर सूर्यवंशी,प्रो प्रह्लाद भट्ट उपस्थित थे।

## घर-घर जाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोन के तहत जिले में स्?वीप गतिविधियों का संचालन जोरो से चल रहा हैं जिसके के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किये जाने हेतु जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए घर-घर जाकर जागरूकता किया जा रहा है। साथ ही सभी लोग आपस में जागरूक हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी मतदान के लिये अपील कर रहें हैं।

## महिला कर्मियों एवं दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित होने वाले मतदान बूथ बनाए जायेंगे

**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया, कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रदेश में 3500 मतदान केन्द्रों पर महिला मतदान कर्मियों द्वारा मतदान कराया जायेगा। इन मतदान केन्द्रों पर तैनात पूरा मतदान दल महिला अधिकारी/कर्मचारी का होगा। इसी प्रकार लगभग 250 मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा मतदान कराया जायेगा। इन मतदान केन्द्रों पर मतदान दल दिव्यांग अधिकारी/कर्मचारी का ही होगा।

श्री राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के संचालन के लिये लगभग 5 लाख 20 हजार मतदान कर्मी, सेक्टर ऑफिसर, पुलिस कर्मी के रूप में अधिकारियों/कर्मचारियों की निर्वाचन ड्यूटी लगायी जा रही है। मतदान के दिन प्रत्येक मतदान केन्द्र में संबंधित बीएलओ भी उपस्थित रहेंगे। उनके पास वर्णाक्रमानुसार मतदाता सूची भी होगी, जिससे कोई भी मतदाता मौके पर ही यह जान सके कि मतदाता सूची में इनका नाम किस नंबर पर है। श्री राजन ने यह भी बताया, कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा माइक्रोसाइट https://elections24.eci.gov.in/ तैयार की गई है। इस पर लोकसभा निर्वाचन-2024 से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।



## डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी ने दिलाई मतदान करने की शपथ

**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशन एवं ज़िला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गुरुप्रसाद के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता और दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय सुश्री मयुरी जोक एवं एडिशनल सीईओ श्री अरविन्द डामोर ने मनासा के ग्राम पंचायत भाटखेडी बुजुर्ग में मतदाताओं का स्वागत किया और महिला मतदाताओं से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने व शत प्रतिशत मतदान करने के संबंध में चर्चा की उपस्थितजनों को मतदान करने के लिए सभी को शपथ भी दिलाई।

## नामावली में नाम दर्ज करवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत करें

**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन, 2024 के अन्तर्गत फोटो निर्वाचक नामावली के संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार एक अप्रेल 2024 की अर्हता तिथि के मान से पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने का अवसर देने के निर्देश दिये गए हैं। जिसके क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल द्वारा निर्देशित किया गया है, कि निर्वाचन की घोषणा के पश्चात नाम दर्ज करने हेतु आवेदन (फॉर्म-6) प्राप्त करने की कार्यवाही नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि के 10 दिन पूर्व तक की जा सकेगी।

अत: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के पालन में सर्वसंबंधित को सूचित किया गया है, कि एक अप्रेल 2024 की अर्हता तिथि के मान से पात्र मतदाताओं के नाम भी अब मतदाता सूची में दर्ज किए जा सकेंगे। जिसके लिए आवेदन (फॉर्म-6), नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि के 10 दिन पूर्व तक प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

## लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जगह-जगह मतदाता जागरूकता के नारे लिखे



**मंदसौर, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री कुमार सत्?यम के मार्गदर्शन में जिले में लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जगह जगह दिवार पर नारे लिखे जा रहे है, एवं मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही गावं वालों को मतदान के बारे में जानकारी भी दी ज रही है। मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गयी। शपथ लेते हुए सभी ने कहा कि, 'मैं भारत की/का नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेती/लेता हूं कि मैं, अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखूंगी/रखूंगा तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मध्यप्रदेश लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगी/करूंगा। शपथ की साथ ही ऐसे युवा मतदाता जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा उनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है। ऐसे युवा मतदाता से अपील की गई कि वह फार्म 6 भर कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाए।

## नीमच जिले में ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न

**नीमच, 22 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन- 2024 को लेकर 34 जिलों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया गुरुवार को संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों तथा संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में हुई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन मशीनों को विधानसभा क्षेत्र वार अलॉट कर दिया गया है। ईवीएम को विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है।



**इन जिलों में हुई प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया**-लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, उमरिया, कटनी, जबलपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, भोपाल, सीहोर, राजगढ़ एवं निवाड़ी जिले में 21 मार्च को ईवीएम का रेंडमाइजे शन किया गया।

**नीमच में प्रथम रेण्ड माईजेशन सम्पन्न**-कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम सुश्री लक्ष्मी गामड, सहायक रिटर्निंग आफिसर नीमच, जावद एवं मनासा तथा जिले के विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एनआईसी कक्ष नीमच में शुक्रवार 22 मार्च को ई.व्ही .एम. मशीनों, बी.यू.एवं सीयू का रेण्डमाईजेशन किया गया। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को कम्प्यूटर के माध्यम से साफ्टवेयर व्दारा रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 22 | 2376 | 2415 |
| उडद | 7 | 5498 | 7601 |
| सोयाबीन | 4000 | 3820 | 4680 |
| गैहु | 10900 | 2350 | 2752 |
| चना | 1173 | 4800 | 5600 |
| मसुर | 399 | 5151 | 5770 |
| धनिया | 750 | 5515 | 8700 |
| लहसुन | 27000 | 4000 | 12500 |
| मैथी | 2000 | 4320 | 6200 |
| अलसी | 1127 | 4800 | 5151 |
| सरसो | 1150 | 4291 | 4731 |
| तारामीरा | 2 | 4500 | 4580 |
| इसबगोल | 49 | 10000 | 15001 |
| प्याज | 330 | 350 | 1751 |
| कलोंजी | 59 | 10450 | 18852 |
| डॉलर | 60 | 5000 | 8761 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 5 | 2600 | 4281 |
| असालीया | 306 | 6481 | 7221 |

